**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**<u>उप महानिदेशक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नई दिल्ली के पद के लिए पात्रता मानदंड</u>**

1. **पद का नाम: उप महानिदेशक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नई दिल्ली।**

2. **वेतनमान: वेतन मैट्रिक्स में स्तर 13क**

3. **भर्ती की पद्धति: प्रतिनियुक्ति द्वारा।**

4. **पात्रता: केंद्रीय सरकार/अखिल भारतीय सेवा (एआईएस) के अधिकारी:**

(क) (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 अथवा समकक्ष में नियमित आधार पद पर नियुक्ति के उपरांत उस ग्रेड में दो वर्ष की सेवा की हो; अथवा

(iii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-12 अथवा समकक्ष में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के उपरांत उस ग्रेड में छह वर्ष की सेवा की हो;
और
(ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों:

**अनिवार्य:**
(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री; और

(ii) नीति, कार्यक्रम या परियोजनाओं के निर्माण, मूल्यनिरूपण, निष्पादन या कार्यान्वयन, अनुसंधान, निगरानी और मूल्यांकन में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव हो।

**वांछनीय:**
(i) आर्थिक या अवसंरचना से संबंधित मामलों पर;
(ii) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग; अथवा

(iii) सुरक्षा या विमानन सुरक्षा,
संबंधी कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

5. **प्रतिनियुक्ति की अवधि**: केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि समान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. **आयु सीमा**: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. आवेदक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो में उप महानिदेशक के पद के लिए अपना आवेदन रोजगार समाचार में पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के छह सप्ताह के भीतर भेज सकते हैं।

नोट- *i) स्क्रीनिंग समिति द्वारा उप महानिदेशक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के पद पर चयन किए जाने पर अभ्यर्थियों को अपने मूल विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)/कैडर मंजूरी इस मंत्रालय को प्रस्तुत करने की अनुमति होगी। तथापि, यह वांछनीय है कि किसी आवेदन पर विचार करने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)/कैडर मंजूरी पहले ही इस मंत्रालय को भेज दी जाए।*

*ii) जिन अभ्यर्थियों ने इस मंत्रालय के दिनांक 11.08.2025 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित डीडीजी, बीसीएएस के पद के लिए अपने आवेदन जमा किए हैं, वे केवल संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार अपना आवेदन भेजें ताकि अनावश्यक दस्तावेजों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। तथापि, नवीनतम सतर्कता मंजूरी की एक प्रति अनिवार्य है।*

**अनुलग्नक-II**

# <u>प्रोफार्मा</u>

फोटोग्राफ

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में):

2. सेवा और संवर्ग जिससे संबंधित हैं/ बैच:
   मूलनिवास वाला राज्य:

3. जन्म तिथि:
   और _______ आयु (...........2025 को)
   (……….वर्ष………..महीने के रूप में लिखें)

4. लिंग:

5. केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख:

6. शैक्षणिक योग्यता:

7. क्या आप एससी/एसटी/अल्पसंख्यक से संबंधित है:

8. कृपया वर्तमान पद धारित के निम्नलिखित विवरण इंगित करें

   क. वर्तमान पद और  पद धारन करने की तारीख:

   ख. क्या नियमित/तदर्थ हैं:

   ग. वेतनमान:

   घ. वर्तमान मूल वेतन:

   ड. क्या केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत नियुक्त किया गया है:

9. कृपया बताएं कि आप निर्धारित मानदंड को कैसे पूरा करते हैं:

i. क्या आप मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदों पर हैं (कृपया हाँ या नहीं विनिर्दिष्ट करें; निम्न दी गई तालिका में विवरण इंगित किया जाए):

ii. क्या आपने मूल कैडर या विभाग में वेतन-मैट्रिक्स में लेवल 13 या उसके समकक्ष में नियमित रूप से नियुक्ति के बाद ग्रेड में दो वर्ष की सेवा प्रदान की है (कृपया हां या नहीं विनिर्दिष्ट करें; विवरण निम्न दी गई तालिका में इंगित किया जाए):

iii. क्या आपने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन-मैट्रिक्स में लेवल 12 या उसके समकक्ष में नियमित नियुक्ति के बाद ग्रेड में छह वर्ष की सेवा प्रदान की है (कृपया हां या नहीं निर्दिष्ट करें; विवरण नीचे दी गई तालिका में इंगित किया जाए ):

iv. क्या आप अनुलग्नक-I में पद की पात्रता मानदंड में यथा उल्लिखित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता रखते हैं (कृपया हां या नहीं और उसका विवरण विनिर्दिष्ट करें):

v. क्या आप अनुलग्नक-I में पद की पात्रता मानदंड में यथा उल्लिखित वांछनीय शैक्षणिक योग्यता रखते हैं (कृपया हां या नहीं और उसका विवरण विनिर्दिष्ट करें):

vi. पिछले 10 वर्षों में धारित पदों का विवरण नीचे दी गई तालिका में दर्शाया जाना चाहिए (वर्तमान पद से शुरू करते हुए):

| क्र.सं. | कार्यालय/संगठन का नाम जहां कार्यरत है | धारण किया गया पद | से | तक | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

vii. सुरक्षा पहलुओं के संबंध में नीति निर्धारण और उसकी निगरानी सहित पिछले 10 वर्षों के अनुभव का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:

| पिछले 10 वर्षों में अनुभव का क्षेत्र | कर्तव्यों का स्वरूप | अनुभव की अवधि | संगठन जिसमें प्रासंगिक अनुभव प्राप्त किया गया था |
|---|---|---|---|
| (क) नीति निर्धारण:<br><br>(ख) सुरक्षा:<br><br>(ग) अन्य:<br>(कृपया विनिर्दिष्ट करें) | | | |

10. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप उक्त पद हेतु अपने आवेदन के साथ उल्लेख करना चाहते हैं।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दूरभाष सं0 (एसटीडी कोड)/मोबाईल सं0:

ई-मेल आईडी:

कार्यालय पता, कार्यालय दूरभाष संख्या सहित:

आवासीय पता:

दिनांक:

**अनुलग्नक-III**

## जांच सूची

i. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण उपलब्ध रिकॉर्ड से जांचे गए हैं और सही पाए गए हैं।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही/सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

iii. पिछले 10 वर्षों के दौरान दिए गए दण्डों की सूची, यदि कोई हो, तो संलग्न करें।

iv. सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

v. अधिकारी के पिछले पांच वर्षों के अद्यतन एपीएआर डोजियर की सत्यापित फोटोप्रतियां, विधिवत सत्यापित, संलग्न करें।

vi. पिछले पांच वर्षों के दौरान एपीएआर में ग्रेडिंग दर्शाने वाला सत्यापित विवरण।

| **एपीएआर ग्रेडिंग प्रोफार्मा** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अधिकारी का नाम** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** |
| | | | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि चयन होने की स्थिति में, अधिकारी को तत्काल उसके कर्तव्यों से विमुक्त कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर ...................................

ईमेल आईडी का नाम और पदनाम:

अग्रेषण अधिकारी की मुहर और टेलीफोन
नंबर (एसटीडी कोड) और मोबाइल नंबर के साथ